प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 19.05.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रदेश में कल से पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू–जल संवर्धन मिशन की शुरूआत होगी।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में उनतीस मई से शुरू होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान।
- प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष समिति गठित की गई है।
- प्रदेश में कल से बारिश की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना।

भू–जल संवर्धन मिशन

प्रदेश में कल से पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू–जल संवर्धन मिशन की शुरूआत होगी। भू–जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए चलाए जाने वाले इस मिशन का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू–जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू–जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की उनतीस तारीख से शुरू होगा और बारह जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में

संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के सात सौ तेईस जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे।

होल्ड बाईट – शिवराज सिंह चौहान (30 सेकेंड)

इस अभियान में हम 2170 टीमें बना रहे हैं वैज्ञानिकों की। इसमें कम से कम चार साइंटिस्ट एक टीम में होंगे। इन वैज्ञानिकों के साथ जोड़ेंगे हम यूनिवर्सिटीज को, कॉलेजेस को, राज्य सरकार के अमले को, केन्द्र की पूरे कृषि विभाग की टीम को, प्रगतिशील किसानों को, एफपीओज को और यह टीम एक जिले में तीन टीमें जाएगी देश में। हर एक टीम जिस एक गांव में जाएगी वहां पांच से लेकर दस गांव के किसान वहां आएंगे।

इधर, छत्तीसगढ़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान सभी विकासखंडों में चलाया जाएगा, जिसका समन्वय आईसीएआर–राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर द्वारा किया जाएगा। आईसीएआर–एनआईबीएसएम के निदेशक डॉक्टर पीके राय ने बताया कि इन संस्थानों और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ–साथ कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान भी क्षेत्र स्तर की गतिविधियों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि टीमें प्रतिदिन दो से तीन चयनित ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगी। इस दौरान धान की सीधी बुवाई, कीटनाशक के इस्तेमाल के लिए ड्रोन का इस्तेमाल, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, उन्नत बीजों की किस्मों का प्रचार–प्रसार, उर्वरकों का संतुलित उपयोग और कृषि में राज्य प्रायोजित योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी जाएगी।

<u>मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के तहत आज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के चुकतीपानी गांव पहुंचे, जहां उन्होंने मिडिल स्कूल के प्रांगण में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चुकतीपानी मिडिल स्कूल की मरम्मत और मिडिल स्कूल ग्राउंड को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की।

वहीं, मुख्यमंत्री आज बिलासपुर जिले के आमागोहन गांव और मुंगेली जिले के बैगा बाहुल्य गांव बिजराकछार भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने आमागोहन के समाधान शिविर में बेलगहना में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज खोलने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण भी किया।

आंगनबाड़ी–सामग्री गुणवत्ता–समिति

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष समिति गठित की गई है। महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मिल रही शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जांच के लिए विशेष समिति के गठन का आदेश दिया था, जिस पर विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर–चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति संदेहास्पद या परीक्षण योग्य नमूनों को राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराएगी। जांच समिति पन्द्रह दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार देश और विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ बाईसवां एपिसोड होगा। लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी

ऐप या माई जीओवी–ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की तेईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

राज्यपाल–टीबी मरीज अनुदान

राज्यपाल रमेन डेका ने बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिलों के तीस टी.बी. मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनते हुए एक लाख अस्सी हजार रूपये की राशि स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इस सहायता से मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

तिरंगा यात्रा

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय सेना के सम्मान में इन दिनों प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस बीच, भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त कप्तान सतीश मिश्रा ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारी सेना ने जो पराक्रम दिखाया, वो काबिले तारीफ है।

कांग्रेस–संविधान बचाओ रैली

जांजगीर–चांपा जिले में आज कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत समेत अनेक पूर्व मंत्री और विधायक मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली के बाद अब इस तरह की रैली संभाग स्तर, फिर ब्लॉक स्तर पर और उसके बाद गांवों में भी की जाएगी।

प्रसारण सहायक–आवेदन

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर में प्रसारण सहायक के रूप में कार्य करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। प्रसारण सहायक के लिए आवेदक का स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है और उसकी आयु एक जुलाई दो हजार चौबीस को न्यूनतम बीस वर्ष और अधिकतम पचास वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार कल बीस मई की शाम छह बजे तक अपने आवेदन केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी रायपुर के पते पर भेज सकते हैं।

सिपेट–कार्यशाला

केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान सिपेट की रायपुर इकाई द्वारा प्लास्टिक के क्षेत्र में रोजगार विषय पर आज एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सिपेट के प्रधान निदेशक डॉक्टर आलोक साहू ने बताया कि इस संस्थान में प्लास्टिक तकनीक से जुड़े अनेक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण कोई भी विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। सिपेट के प्रशासनिक अधिकारी नीतेश कुमार जैन ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उनतीस मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

मौसम

प्रदेश में कल से बारिश की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। राज्य के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के लिए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। यहां आंधी चलने, आकाशीय बिजली गिरने

और ओलावृष्टि होने की आशंका व्यक्त की गई है। इसके अलावा बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया आदि जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। फिलहाल अनवर ढेबर को ईओडब्ल्यू में दर्ज मामले के कारण जेल में ही रहना होगा।
- गरियाबंद जिले गौरमुंड के जंगल में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए पांच–पांच किलो के दो कुकर बम बरामद किए हैं, जिसे मौके पर निक्रिष्य कर दिया गया।
- दुर्ग जिले की भिलाई पुलिस ने जमीन, सोने का सिक्का और गोवा टूर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
- दुर्ग जिले की जामुल पुलिस ने नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ दो आरोपियों को एक होटल से गिरफ्तार किया है। जब्त हेरोइन और अन्य सामानों की कीमत आठ लाख रुपए आंकी गई है।
- छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा सरकारी और निजी संस्थानों में प्रवेश के लिए प्री–डीएलएड और प्री–बीएड परीक्षा बाईस मई को आयोजित की जाएगी।
- कबीरधाम जिले के ग्राम सिंगारपुर में बीती रात आकाशीय बिजली गिरने से पति–पत्नी की मौत हो गई। यह लोग खेत में रखे प्याज को बचाने के लिए गए थे, तभी तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे उनकी मौत हो गई।
- कबीरधाम जिले में प्रलोभन देकर धर्मांतरण की शिकायत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार को किया गया है।

<><><><><><>